भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

04.03.2020 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2229 का उत्तर

स्टेशनों पर प्रतीक्षालय

2229. श्री सौमित्र खानः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रेल मंत्रालय ने रेलवे स्टेशनों में प्रतीक्षालयों को आईआरसीटीसी को सौंप दिया है;

(ख) यदि हां, तो क्या आईआरसीटीसी ने रेलवे स्टेशनों के प्रतीक्षालयों में प्रदान की जा रही सुविधाओं को बढ़ाया है; और

(ग) यदि हां, तो भारत में विभिन्न रेलवे स्टेशनों में उपलब्ध कमरों/डोर्मेटरी की सूची क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

Sk

स्टेशनों पर प्रतीक्षालय के संबंध में दिनांक 04.03.2020 को लोक सभा में श्री सौमित्र खान के अतारांकित प्रश्न सं. 2229 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) : क्षेत्रीय रेलों को आईआरसीटीसी से विश्राम-गृहों/डॉरमेट्री की देख-रेख के लिए स्टेशनों का चुनाव करने के लिए कहा गया है और साथ ही यह भी सुनिश्चित करने कि उस स्टेशन की कोई पुनरावृत्ति न हो जो भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम (आईआरएसडीसी) के माध्यम से विकास किया जाना पहले से ही प्रस्तावित है।

(ख): आईआरसीटीसी को सौंपे गए विश्राम-गृहों/डॉरमेट्रियों को पीपीपी के माध्यम से पुनर्निर्मित/विकास किया जाता है और आवश्यकता के अनुसार विश्राम-गृहों में पूर्णत: सुसज्जित, सुप्रकाश व्यवस्था और 24 घंटे परिचालित वातानुकूलित कमरे/डॉरमेट्रियां, उचित अल्मारियां/लॉकर, प्रशिक्षित और पेशेवर अटेंडेंट, एलईडी टीवी, गीजर की उपलब्धता, बाथरूम में शॉवर, रूम हीटर, वरिष्ठ नागरिकों दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर, पेयजल, इंटरनेट या वाई-फाई की सुविधाएं आदि जैसी विभिन्न उन्नत सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं।

(ग) : विश्राम-गृहों/डॉरमेट्रियों की सुविधाओं वाले रेलवे स्टेशनों का जोन-वार ब्यौरा निम्नानुसार है :-

क्षेत्रीय रेलवे	विश्राम-गृह/डॉरमेट्रियों की सुविधाओं वाले रेलवे स्टेशनों की संख्या	क्षेत्रीय रेलवे	विश्राम-गृह/डॉरमेट्रियों की सुविधाओं वाले रेलवे स्टेशनों की संख्या
मध्य रेलवे	39	उत्तर पश्चिम रेलवे	29
पूर्व रेलवे	29	दक्षिण रेलवे	64
पूर्व मध्य रेलवे	39	दक्षिण मध्य रेलवे	54
पूर्व तट रेलवे	27	दक्षिण पूर्व रेलवे	20
उत्तर रेलवे	62	दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे	15
उत्तर मध्य रेलवे	30	दक्षिण पश्चिम रेलवे	19
पूर्वोत्तर रेलवे	38	पश्चिम रेलवे	37
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे	50	पश्चिम मध्य रेलवे	22

******

Sk